दिनांक 06.07.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में निगम क्षेत्र के अंतर्गत मौसमी एवं जलजनित बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव के लिए निगम के स्वास्थ्य विभाग एवं शहरी परिवार कल्याण केन्द्र सुपेला द्वारा गठित संयुक्त टीम द्वारा निर्धारित कार्यक्रम अनुसार निरंतर विशेष स्वास्थ्य शिविर का कार्य जारी है। 20 जुन से 29 जुन तक वार्ड 19, 12, 60, 29, 04, 21 क्रमशः शास्त्री नगर केम्प–01, सुपेला पुरानी बस्ती, रिसाली बस्ती, खुर्सीपार जोन–02, बापूनगर, राधिका नगर, सुन्दर नगर केम्प–01, में आयोजित शिविर में आये 88 मरीजों को रोग निरोधक दवांईयां दी गई। माह जूलाई में 02 जुलाई से 06 जुलाई तक वार्ड 05, 17, 28, 06 क्रमशः लक्ष्मीनगर, वृन्दानगर, छावनी बस्ती, सुपेला बाजार अंतर्गत इंदिरा नगर में आयोजित शिविर में आये 92 मरीजों को रोग निरोधक दवांईयां दी गई। शिविर में आये मरीजों को 10 ओआरएस पैकेट का वितरण किया गया। पीलिया एवं जलजनित बिमारियों के रोकथाम एवं बचाव संबंधित 300 नग पाम्पलेट जनसमुदाय में जन जागरुकता के लिए वितरित किया गया।

शिविर में आये मरीजों को शिविर दल द्वारा जलजनित बिमारियों पीलिया, उल्टी, दस्त, डायरिया, टाईफाईड, इत्यादि के बचाव हेतु पानी उबालकर पीने ताजे एवं गर्म भोजन का सेवन करने, सड़े–गले संक्रमित खाद्य पदार्थों का सेवन न करने हेतु निरंतर स्वास्थ्य शिक्षा दी जा रही हैं।

उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी श्री के0के0 सिंह ने दी।

संलग्न–फोटो **जनसम्पर्क अधिकारी**

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के निर्देशानुसार जोन 06 रिसाली कार्यालय के अंतर्गत नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड, वार्ड 44 टंकी मरोदा में शीतला तालाब की सफाई, साथ ही नेवई सेग्रीगेशन प्लांट के आसपास का भी कचरा उठाया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी